**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय-सोमवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0-15 का उत्तर :–**

.................................................................................

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 15(क)- क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-मिश्रिख में नैमिषारण्य से ठाकुरनगर अरबापुर होते हुए बरेठी तक परिक्रमा पड़ाव 10 तक जाने वाला मार्ग जिसकी दूरी लगभग 08 किमी0 है, कच्चा व उबड़-खाबड़ है, जिससे क्षेत्रीय जनता व श्रद्धालुओं को आवागमन की समस्या बनी रहती है ? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड-मिश्रिख में नैमिषारण्य से ठाकुरनगर अरबापुर होते हुए बरेठी (दसवां पड़ाव) तक संरेखण की कुल लम्बाई 9.80 किमी0 है। बिलरायां-पनवारी मार्ग (एन0एच0-330डी) से ग्राम ठाकुरनगर होते हुए रूद्रावर्त चौराहा तक लम्बाई 2.50 किमी0 लेपित मार्ग है। शेष 7.30 किमी0 लम्बाई में से 2.60 किमी0 लम्बाई कच्चा स्तर एवं 4.70 किमी0 लम्बाई खडंजा स्तर का है।<br>इस संरेखण में पड़ने वाले ग्राम अरबापुर, बरेठी, फूलपुर एवं झबरा पक्के मार्ग से संतृप्त हैं। शेष 7.30 किमी0 लम्बाई में मार्ग के नवनिर्माण की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग पर डामर रोड का निर्माण करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**योगी आदित्यनाथ,**
**मुख्यमंत्री।**